गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट./2021 01.10.2021

1. लिस्टिंग अनुपालन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई - 400051 **प्रतीक: - गेल (ईक्यू)**	2. लिस्टिंग अनुपालन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड मंजिल 1, फिरोज़ जीजीभॉय टावर्स दलाल स्ट्रीट मुंबई - 400001 **स्क्रिप कोड - 532155**

प्रिय महोदय / महोदया,

कृपया **"गेल द्वारा 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत शहर गैस वितरण और सीएनजी पर जागरुकता अभियान का आयोजन"** की प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड के लिए है।

धन्यवाद,
भवदीय,

अनिल झा

(ए.के. झा)
कंपनी सचिव
संलग्न: उपरोक्त के अनुसार

प्रति:
ड्यूश बैंक एजी, फिलियाले मुंबई
टीएसएस और ग्लोबल इक्विटी सर्विसेज
द कैपिटल, 14 वीं मंजिल
सी -70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
मुंबई - 400051

ध्यानाकर्षण - सुश्री अपर्णा सालुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल द्वारा 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत शहर गैस वितरण और सीएनजी पर जागरुकता अभियान का आयोजन

नई दिल्ली, अक्टूबर 1, 2021: गेल (इंडिया) लिमिटेड ने 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' समारोह के अंतर्गत शहर गैस वितरण और संपीडित प्राकृतिक गैस के बारे में जानकारी प्रसारित करने के लिए आज जागरुकता अभियान का आयोजन किया। यह कार्यक्रम पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

इसे गेल प्रशिक्षण संस्थान द्वारा हाइब्रिड मोड (भौतिक एवं ऑनलाइन दोनों) के माध्यम से आयोजित किया गया और गेल कार्मिकों, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, तेल एवं गैस पीएसयू कार्मिकों और विभिन्न विश्वविद्यालयों के कार्मिकों एवं छात्रों के बीच वेबकास्ट किया गया।

कार्यक्रम में दो जागरुकता सत्र आयोजित किए गए, जिसमें 'सीजीडी-भारत के ऊर्जा क्षेत्र हेतु मांग सृजन' विषय पर श्री एम वी रवि सोमेश्वरुडू, कार्यकारी निदेशक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), गेल और 'सीएनजी-आम मिथक व वास्तविकता' विषय पर श्री अनुपम मुखोपाध्याय, मुख्य महाप्रबंधक (सीजीडी-विपणन), गेल ने जानकारी प्रदान की ।

इस अवसर पर गेल के कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन एवं विधि) श्री प्रसून कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और आजादी के अमृत महोत्सव की प्रासंगिकता और उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। मुख्य महाप्रबंधक (प्रशिक्षण) श्री एम सी गुप्ता के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।